भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 525**

**03 दिसंबर, 2025 के लिए प्रश्न**

**बुंदेलखंड क्षेत्र में एनएफएसए**

525. **श्री अनुराग शर्मा:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के जिलों को आवंटित खाद्यान्न की मात्रा का ब्यौरा क्या है और विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान वितरित वास्तविक मात्रा कितनी थी;

(ख) खाद्यान्न वितरण में अनियमितताओं और लीकेज को रोकने के लिए बुंदेलखंड क्षेत्र में सभी उचित दर दुकानों (एफपीएस) पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण हेतु ई-पीओएस मशीनों की स्थापना और संचालन की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का बुंदेलखंड क्षेत्र के लाभार्थियों को वर्तमान कोटे के अंतर्गत मौजूदा पात्रता के अलावा दालें, खाद्य तेल और श्रीअन्न जैसी अतिरिक्त पोषण सहायता प्रदान करने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**
**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क):** लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) केंद्र और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की संयुक्त जिम्मेदारी के तहत संचालित होती है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के प्रावधानों के अनुसार, केंद्र सरकार की जिम्मेदारी प्रत्येक राज्य में निर्दिष्ट गोदामों तक खाद्यान्न उपलब्ध कराना है। एनएफएसए की धारा 24(3) के अनुसार, निर्दिष्ट गोदामों से खाद्यान्न प्राप्त करना और लाभार्थियों तक वितरण सुनिश्चित करना राज्य की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए जिलेवार आबंटन और वितरण **अनुबंध-I** के अनुसार है।

...2/-

**(ख):** उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के अनुसार, बुंदेलखंड क्षेत्र के सात जिलों में सभी उचित दर दुकानों (एफपीएस) में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के बाद पात्र लाभार्थियों को खाद्यान्न वितरित करने के लिए ई-पीओएस मशीनें स्थापित की गई हैं।

**(ग) और (घ):** खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अनुरोध पर, एनएफएसए के अंतर्गत पोषक अनाज के रूप में मिलेट्स (श्री अन्न) सहित मोटे अनाज को गेहूँ/चावल की समान मात्रा के बदले आबंटित करता है। डीएफपीडी ने एनएफएसए के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को वित्त वर्ष 2024-25 और वित्त वर्ष 2025-26 में (27.11.2025 तक की स्थिति के अनुसार) क्रमशः 2.86 लाख टन और 0.193 लाख टन मिलेट्स (श्री अन्न) आबंटित किया था। ज़िलेवार आबंटन संबंधित राज्य की ज़िम्मेदारी है।

इसके अलावा, पीडीएस के तहत दालें उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं, तथापि, मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत बनाए गए बफर से दालें समय-समय पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी कल्याणकारी योजनाओं जैसे कि एकीकृत बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस), मध्याह्न भोजन (एमडीएम) के लिए उपलब्धता और आवश्यकता के अनुसार आबंटित की जाती हैं।

*****

**लोक सभा में दिनांक 03.12.2025 के उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 525 के उत्तर के भाग (क) में संदर्भित अनुबंध।**

**(टन में)**

| अप्रैल 2022 से मार्च 2023 | | |
|---|---|---|
| **जिले का नाम** | **खाद्यान्नों का कुल आबंटन** | **खाद्यान्नों का कुल वितरण** |
| चित्रकूट | 55398.170 | 52373.960 |
| बाँदा | 95794.570 | 88730.743 |
| महोबा | 47765.920 | 44701.375 |
| हमीरपुर | 63178.830 | 57541.390 |
| जालौन | 79513.740 | 73400.868 |
| झांसी | 100078.715 | 93833.197 |
| ललितपुर | 63988.960 | 59611.054 |
| **कुल** | **505718.905** | **470192.587** |
| **अप्रैल 2023 से मार्च 2024** | | |
| **जिले का नाम** | **खाद्यान्नों का कुल आबंटन** | **खाद्यान्नों का कुल वितरण** |
| चित्रकूट | 52971.656 | 50260.226 |
| बाँदा | 93884.168 | 87381.983 |
| महोबा | 47337.054 | 42616.510 |
| हमीरपुर | 61105.917 | 55957.447 |
| जालौन | 77396.251 | 71054.332 |
| झांसी | 96770.701 | 91589.005 |
| ललितपुर | 63910.035 | 59136.765 |
| कुल | **493375.782** | **457996.268** |
| **अप्रैल 2024 से मार्च 2025** | | |
| **जिले का नाम** | **खाद्यान्नों का कुल आबंटन** | **खाद्यान्नों का कुल वितरण** |
| चित्रकूट | 52927.510 | 50569.612 |
| बाँदा | 93076.804 | 87703.849 |
| महोबा | 47529.972 | 43352.157 |
| हमीरपुर | 60352.592 | 55652.126 |
| जालौन | 71498.410 | 65898.463 |
| झांसी | 98714.289 | 93727.722 |
| ललितपुर | 63169.982 | 59633.827 |
| **कुल** | **487269.557** | **456537.756** |
| **सकल योग** | **1486364.244** | **1384726.611** |

*****